समर्पण

जिनकी अमूल्य शिक्षाएं हमेशा प्रेरणायें
देती हैं
उन पूज्य पितामह
श्री संतोकचंदजी सेठिया
को

—चम्पालाल सेठिया

स्वर्गीय श्री सन्तोकचन्दजी सेठिया

जन्म—सं० १९४१ स्वर्गवास—सं० १९८१

अपनी ओर से

श्रमण भगवान महावीर ने आत्मा को विजातीय तत्वों से वियुक्त करने के जो १२ प्रकार वताये हैं उनमें स्वाध्याय अपना स्पृहणीय स्थान रखता है। वाचन, चिन्तन, मनन, पृच्छना, स्मरण, पुनरावृत्ति आदि इसके महत्वपूर्ण अंग हैं।

स्वाध्याय, ज्ञानाराधना व धर्माराधन में ज्ञेय भजनों-स्तवनों का सदा से विशिष्ट स्थान रहा है। ये स्तवन एकाग्रता, स्थिरता की अप्रतिम कुंजी होने के साथ-साथ अभिनव मानसिक शांति के प्रदाता हैं। प्रस्तुत 'वैराग्यसुधा' में ऐसे ही कुछ प्रमुख चयनों का संकलन है।

प्रस्तुत प्रयास में जहाँ एक ओर प्रातः स्मरण के लिए स्फुट (स्वतंत्र) ढालों का संकलन है, वहाँ दूसरी ओर जनवंद्य आचार्यों द्वारा रचित 'चौवीसी', 'आराधना', 'छव ढालियों', 'मोहजीत राजा का आख्यान' आदि विभिन्न प्रेरणास्पद स्तवन समूहों का भी समावेश है। जहाँ धर्म को जीवन

व्यवहार में अपनाने की व्यापक प्रेरणायें देने वाली अणुव्रत गीतिकायें इसमें हैं, वहाँ परमादरास्पद आचार्यों के उज्ज्वल, त्यागमय जीवन-संस्मरण व उनके गुणगान में रचित स्तवन भी प्रस्तुत पुस्तक में हैं जो श्रद्धा का एक अविरल स्रोत मानव-हृदय में पैदा करते हैं। भगवान महावीर के सर्वजनीन सिद्धान्तों का 'जैनागमों के सूक्त' के रूप में इसमें समावेश किया गया है।

शिक्षा-शतक 'वैराग्यसुधा' की अपनी एक विशेषता है। मेरे पूज्य पितामह स्वर्गीय श्री महालचन्दजी सेठिया की आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षाओं का यह संकलन है।

दिन पर दिन प्रवर्द्धमान तेरापंथ-शासन की गौरव-गरिमा में मेरे पूज्य भ्राता स्वर्गीय श्री सोहनलालजी सेठिया द्वारा रचित 'शासन सुषमा' को 'वैराग्य सुधा' में प्रकाशित करते मुझे हर्ष है। आचार्य प्रकरण, साध्वी प्रमुख प्रकरण, नव्यारम्भ व सर्वप्रथम प्रकरण, सर्वाधिक व तप अनशन प्रकरण आदि विभिन्न अध्यायों में तेरापंथ शासन के अद्वितीय इतिहास का हृदयस्पर्शी वर्णन इसमें है। वास्तव में अपने आप में 'शासन सुषमा' एक अनुठा प्रयास है।

प्रस्तुत पुस्तक का संकलन जैसा कि मैंने अपने पूज्य पितामह स्वर्गीय श्री संतोकचंदजी सेठिया की पावन स्मृति में किया है—अतः उन्हीं को यह सादर, सविनय समर्पित है।

उनकी शिक्षायें आज भी हम सब को पथ-प्रदर्शन व देव, गुरु और धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा की प्रेरणायें देती हैं। उनकी शासन-सेवा तेरापंथ व उसके आचार्यों के प्रति प्रवर्द्धमान श्रद्धा जहाँ आध्यात्मिक क्षेत्र में अपना प्रशंसनीय स्थान रखती है, वहाँ भौतिक जगत में उनका भ्रातृ-प्रेम व व्यवहार-कुशलता एक विशिष्ट स्थान रखती है। दो शब्दों में, उनकी शिक्षायें निःसन्देह प्रेरणा स्रोत हैं। अस्तु।

इच्छा होते हुए भी स्थानाभाव के कारण अनेकानेक तत्वों का समावेश न हो सका। जैसा बन सका, आपके समक्ष प्रस्तुत है। सभी भाई-बहिन इस उपयोगी संकलन से लाभान्वित होंगे ऐसा विश्वास है।

श्याम भवन,
बिरहाना रोड,
कानपुर

चम्पालाल सेठिया

अभिनव आकर्षण—

★ शिक्षा-शतक

★ शासन-सुषमा

★ उत्तराध्ययन अध्ययन दशवें की जोड़

★ महासतियाँजी श्री छोगाँजी को छव ढालियो

अनुक्रमणिका

शुद्धि-पत्र

प्रूफ-संशोधन में भरसक सावधानी से काम लिया गया है। फिर भी भूल करना मनुष्य का स्वभाव है एवं मात्राएँ टूट कर भूलें बन जानी तो अनिवार्य ही है। मुद्रण के बाद पढ़ने पर जो अशुद्धियाँ मेरी नज़र में आईं, उनकी तालिका निम्न प्रकार है—

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
१६	१२	जिणद	जिणन्द
२६	६	सुखदाता	दुखदाता
७०	१	आचाय	आचार्य
७२	१	व्यारव्यान	व्याख्यान
६७	६	शुम-नजर	शुभ-नजर
६७	११	शोमती	शोभती
६८	३	शोमती	शोभती
१११	१०	दीन्हों	दीन्हों
११८	७	माग	मार्ग
१२६	२	सं	सूं
१३३	१७	षश्व	पश्व
१८६	६	मेट	भेट
१८६	१६	हष	हर्ष
१८७	२२	धम	धर्म
२०४	१	वरागे	वैरागे
२१६	१०	वेर	वेर
२३२	३	अवातार	अवतार
२३५	३	र	रै

श्री हंसराज बच्छराज नाहटा
सरदारशहर निवासी
द्वारा
जैन विश्व भारती, लाडनू
को सप्रेम भेंट –

॥ ॐ ॥

नवकार (महामंत्र)

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं ॥

मंगल पाठ

चत्तारि मंगलं—अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवली पन्नतो धम्मो मंगलं ।

चत्तारि लोगुत्तमा—अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवली पन्नतो धम्मो लोगुत्तमो ।

चत्तारि सरणं पवज्जामि—अरिहंते सरणं पवज्जामि, सिद्धे सरणं पवज्जामि, साहू सरणं पवज्जामि, केवली पन्नतं-धम्मं सरणं पवज्जामि ॥

तिक्खुत्ता की पाटी

तिक्खुत्तो, आयाहिणं, पयाहिणं (करेमि) वंदामि नमंसामि, सक्कारेमि, सम्माणेमि, कल्लाणं, मंगलं, देवयं, चेइयं, पज्जुवासामि, मत्थएण वंदामि ॥

पंच पदों की वन्दना

१—पहिले पदे श्री सीमंधर स्वामी आदि देई जघन्य वीस तीर्थंकर देवाधि देवजी उत्कृष्ट एक सौ साठ तीर्थंकर देवाधि देवजी पंच महा विदेह क्षेत्र में विचरे छे। अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त चारित्र, अनन्त बल, अशोक वृक्ष, पुष्प वृष्टि दिव्य ध्वनि, देव दुन्दुभि, स्फटिक सिंहासन, भामण्डल, छत्र, चामर एवं द्वादश गुणा ना धारक, एक हजार आठ शुभलक्षण युक्त शरीर, चौसठ इन्द्रना पूजनीय, चौतीस अतिशय, पैंतीस वचनातिशय करी शोभित, एहवा श्री अरिहन्त देव प्रते हाथ जोड़ मान मोड़ "तिक्खुत्तो आयाहिणं"

२—दूजेपदे अनन्त सिद्ध पन्द्रह भेदे अनन्त चौवीसी, अष्ट कर्म खपावी ने मोक्ष पहुंता, केवल ज्ञान, केवल दर्शन, आत्मिक सुख, क्षायक सम्यकत्व, अटल अवगाहना, अमूर्तिपणो, अगुरु लघुपणो, अन्तराय रहित, एवं अष्ट गुण संयुक्त, जन्म, मरण, जरा, रोग, सोग, दुख, दारिद्र रहित, सदाकाल शाश्वत सुखाॅ में विराजमान छै। ते सिद्ध भगवान प्रते हाथजोड़ मान मोड़ "तिक्खुत्तो आयाहिणं"

३—तीजे पदे मांहरा धर्माचार्य गुरु पूज्यजी महाराजाधिराज श्री श्री १००८ श्री श्री तुलसीरामजी स्वामी आदि वे आचार्य भगवान केहवा छै—पंच महाव्रत ना पालणहार, चार कषाय ना टालणहार, पंच आचार ना पालणहार, पंच समिति

समिता, तीन गुप्ति गुप्ता, पांच इन्द्रियों को जीतनेवाले, नववाड़ सहित ब्रह्मचर्य व्रत को पालने वाले, तथा छत्तीस गुणों का धारक, शासन-श्रृङ्गार, गच्छाधार, धर्म धुरंधर, सयल शुभंकर, भुवन भास्कर, मिथ्यात्व नाशक, तीर्थंकर देववत्, धर्मोद्यतकारी, ऐहवा महा पुरुष आचार्य श्री के प्रति हाथ जोड़ मान मोड़ "तिक्खुत्तो आयाहिणं"

४—चौथे पदे उपाध्यायजी महाराज, ग्यारह अङ्ग और बारह उपांग स्वयं भणै और दूसराँ ने भणावै, इण पचीस गुणों के धारक श्री उपाध्यायजी महाराज के प्रति हाथ जोड़ मान मोड़ "तिक्खुत्तो आयाहिणं"

५—पांचवें पदे जघन्य दो हजार करोड़ झाझेरा साधु साध्वी, उत्कृष्ट नव हजार करोड़ साधु साध्वी, अढ़ाई द्वीप पन्द्रह क्षेत्रों में विचरते है, वे महा मुनिराज कैसे हैं—पंच महाव्रत के पालनहार, पांच इन्द्रियों के जीतनहार, चार कषाय के टालन हार, भाव सत्य, करण सत्य, योग सत्य, क्षमा-वन्त, वैराग्यवन्त, मन समाधारणता, वचन समाधारणता, काय समाधारणता, ज्ञान सम्पन्न, दर्शन सम्पन्न, चारित्र सम्पन्न, वेदनी आने से समभाव पूर्वक सहन करण वाले, मरण आयाँ समभाव सू सहण वाले, इन सत्तावीस गुणों के धारक, बावीस परिषहों के जीतने वाले, बयालीस दोष टालकर आहार पानी लेने वाले, बावन अणाचार के टालने वाले, निर्लोभी, निर्लालची, संसार सू उदासी, मोक्ष के अभिलाषी,

संसार सूं विमुख, मोक्ष के सन्मुख, सचित के त्यागी, अचित के भोगी, नूतियां जीमें नहीं, बुलाण सूं आवे नहीं, वायुवत् अप्रति बन्ध विहारी—एहवा महा उत्तम मुनिराज प्रति हाथ जोड़ मान मोड़ "तिक्खुत्तो आयाहिणं"

चौरासी लाख जीवायोनि

सात लाख पृथ्वीकाय, सात लाख अप्काय, सात लाख तेजस्काय, सात लाख वायुकाय, दस लाख प्रत्येक वनस्पति काय, चौदह लाख साधारण वनस्पतिकाय, दो लाख बेइन्द्रिय, दो लाख तेइन्द्रिय, दो लाख चतुरिन्द्रिय, चार लाख नारकी, चार लाख देवता, चार लाख तिर्यंच पंचेन्द्रिय, चौदह लाख मनुष्य की जाति चार गति चौरासी लाख जीवायोनि ऊपर राग द्वेष आया हो, तो तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

बारह भावना

दोहा

१ अनित्य भावना

राजा राणा छत्रपति, हाथिन के असवार।
मरना सब को एक दिन, अपनी-अपनी बार॥

२ अशरण भावना

दल बल देवी देवता, मात पिता परिवार।
मरती बिरियॉ जीव को, कोई न राखनहार॥

३ संसार भावना

दाम विना निर्धन दुखी , तृष्णा वश धनवान ।
कहूं न सुख संसार में , सब जग देख्यो छान ॥

४ एकत्व भावना

आप अकेला अवतरै , मरै अकेला होय ।
यों कबहूं या जीव को , साथी सगो न कोय ॥

५ अन्यत्व भावना

जहाँ देह अपनी नहीं , तहाँ न अपना कोय ।
घर सम्पत्ति पर प्रकट ये , पर हैं परिजन लोय ॥

६ अशुचि भावना

दीपै चाम चादर मढ़ी , हाड पींजरा देह ।
भीतर या सम जगत में , और नहीं घिन गेह ॥

७ आस्रव भावना

जगवासी घूमै सदा , मोह नींद के जोर ।
तब दीसै नहीं लूंटता , कर्म चोर चहुँ ओर ॥

८ संवर भावना

मोह नींद जब उपशमै , सतगुरु देय जगाय ।
कर्म चोर आवत रुकै , तब कुछ बने उपाय ॥

९ निर्जरा भावना

ज्ञान दीप तप तेल भर , घर शोधे भ्रम छोर ।
या विधि विन नकसै नहीं , पैठे पूरव चोर ॥

पंच महाव्रत संचरण, समिति पंच प्रकार।
प्रबल पंच इन्द्रिय विजय, धार निर्जरा सार॥

१० लोक भावना

चौदह राजु उतंग नभ, लोक पुरुष संठान।
तामें जीव अनादि तैं, भरमत है विन ज्ञान॥

११ बोधिदुर्लभ भावना

धन जन कंचन राज सुख, सवहि सुलभ कर जान।
दुर्लभ है संसार में, एक यथारथ ज्ञान॥

१२ धर्म भावना

जाचे सुरतरु देय सुख, चिंतित चिन्ता रैन।
विन जाचे विन चिन्तये, धर्म सकल सुख दैन॥

नवकार (छन्द)

सुखकारण भवियण, समरो श्री नवकार।
जिन शासन आगम, चौदह पूरव नो सार॥ १॥
इण मंत्र नी महिमा, कहतॉ न लहूँ पार।
सुरतरु जिम चिंतित, बंच्छित फल दातार॥ २॥
सुर दानव मानव, सेव करै कर जोड़।
भू मण्डल विचरै, तारै भवियण कोड़॥ ३॥

सुर छन्दे विलसे , अतिशय जास अनन्त ।
पद पहले नमिये , अरि-गंजन अरिहन्त ॥ ४ ॥
जे पनरै भेदे , सिद्ध थया भगवन्त ।
पंचमी गति पहुँता , अष्ट कर्म करि अन्त ॥ ५ ॥
कल अकल स्वरूपी , पंचानन्तक देह ।
सिद्ध ना पाय प्रणमूं , बीजे पद वलि एह ॥ ६ ॥
गच्छ भार धुरन्धर , सुन्दर शशिहर शोभ ।
करि सारण वारण , गुण छत्तीसे थोभ ॥ ७ ॥
श्रुत जाण शिरोमणी , सागर जेम गम्भीर ।
तीजै पद प्रणमूं , आचारज गुण धीर ॥ ८ ॥
श्रुतधर गुण आगर , सूत्र भणावे सार ।
तप विधि संयोगे , भाखै अर्थ विचार ॥ ९ ॥
मुनिवर गुणयुक्ता , ते कहिये उवझाय ।
पद चौथे नमिये , अहोनिश तेहना पाय ॥ १० ॥
पंच आस्रव टाले , पाले पंचाचार ।
तपसी गुणधारी , बारे विषय विकार ॥ ११ ॥
त्रस थावर पीयर , लोक मांहि जे साध ।
त्रिविधे ते प्रणमूं , परमारथ इम लाध ॥ १२ ॥
अरि करि हरि सायण , डायण भूत वेताल ।
सहु पाप पणासे , थासे मंगल माल ॥ १३ ॥
इण समर्थ्यो संकट , दूर टलै तत्काल ।
जंपे इम जिनप्रभ , सूरि शिष्य रसाल ॥ १४ ॥

चतुर्विंशति जिन स्तवन

रचयिता—श्री मज्जयाचार्यजी

दोहा

ॐ नमः अरिहन्त अतनु, आचार्य उवज्झाय ।
मुनि पंच परमेष्ठि ए, ॐकार रै मांहि ॥ १ ॥

बलि प्रणमुं गुणवन्त गुरु, भिक्षु भरत मझार ।
दान दया न्याय छाण नें, लीधो मारग सार ॥ २ ॥

भारीमाल पट झलकता, तीजै पट ऋषिराय ।
प्रणमूं मन वच काय करी, पाचूं अंग नमाय ॥ ३ ॥

(इम) सिद्ध साधु प्रणमी करी, ऋषभादिक चौवीस ।
स्तवन करूं प्रमोद करी, जय जश कर जगदीश ॥ ४ ॥

मल्लि नेम ए दोय जिन, पाणिग्रहण न कीध ।
शेष बावीस जिनेश्वरू, रमण छांड़ व्रत लीध ॥ ५ ॥

वासुपूज्य मल्लि नेम जिन, पार्श्व अनें वर्द्धमान ।
कुमर पदै अरु प्रथम वय, धार्‍यो चरण निधान ॥ ६ ॥

छत्रपति उगणीस जिन, व्रत तीजी वय सार ।
उत्कृष्ट आयु जिह समय, तसु त्रिण भाग विचार ॥ ७ ॥

वीर समय उत्कृष्ट स्थिति, वर्ष सवा सय होय ।
भाग तीन कीजे तसु, ए तीनू वय जोय ॥ ८ ॥

इम सगलै उत्कृष्ट स्थिति, त्रिण भागे वय तीन ।
अंतिम वय उगणीस जिन, धुर वय पंच सुचीन ॥ ९ ॥

श्वेत वरण चंद सुविधि जिन, पद्म वासुपूज्य लाल ।
मुनिसुव्रत रिठनेम प्रभु, कृष्ण वरण सुविशाल ॥ १० ॥

मल्लिनाथ फुन पार्श्व प्रभु, नील वरण वर अङ्ग ।
षोड़श शेष जिनेश तनु, सोवन वरण सुचङ्ग ॥ ११ ॥

श्रेयांस मल्लि मुनिसुव्रत जिन, नेम पार्श्व जगदीश ।
प्रथम पहर दीक्षा ग्रही, पाछिल पहर उन्नीस ॥ १२ ॥

सुमति जीम दीक्षा ग्रही, अठम भक्त मल्लि पास ।
छठ भक्त जिन वीस वर, वासुपूज्य उपवास ॥ १३ ॥

ऋषभ अष्टापद शिवगमन, वीर पावापुरी दीश ।
नेम गिरनारे वासु चम्पा, शिखर सम्मेत सु वीस ॥ १४ ॥

ऋषभ संथारै शिव गमन, चउदश भक्त उदार ।
चरम छट्ठ अणशण पवर, बावीस मास संथार ॥ १५ ॥

ऋषभ वीर अरु नेम जिन, पल्यंकासण शिव पेख ।
शेष इकवीस जिनेश्वरु, काउस्सग मुद्रा देख ॥ १६ ॥

जिन चौव्वीस तणा सुगुण, रचियै वचन रसाल ।
ध्यान सुधा वर सार रस, जय जश करण विशाल ॥ १७ ॥

श्री ऋषभ जिन स्तवन

(लय—ऐसे गुरु किम पाविये)

वन्दु बेकर जोड़ नें, जुग आदि जिनेन्दा ।
कर्म रिपु गज ऊपरै, मृगराज मुनिन्दा ॥
प्रणमूँ प्रथम जिनन्द नें, जय २ जिन चंदा ॥ ए आंकड़ी ॥ १ ॥

अनुकूल प्रतिकूल सम सही, तप विविध तपन्दा ।
चेतन तन भिन्न लेखवी, ध्यान शुक्ल ध्यावंदा ॥ २ ॥

पुद्गल सुख अरि पेखिया, दुःख हेतु भयाला ।
विरक्त चित्त बिघट्यो इसो, जाण्या प्रत्यक्ष जाला ॥ ३ ॥

संवेग सरवर भूलताँ, उपशम रस लीना ।
निन्दा स्तुति सुख दुःख में, सम भाव सुचीना ॥ ४ ॥

बांसी चन्दन सम पणै, थिर चित जिन ध्याया ।
इम तन सार तजी करी, प्रभु केवल पाया ॥ ५ ॥

हूँ बलिहारी ताँहरी, वाह ! वाह !! जिन राया ।
उवा दिशा किण दिन आवसी, मुझ मन उमाया ॥ ६ ॥

उगणीसै सुदि भाद्रवै, दशमी दीतवारं ।
ऋषभदेव रटवे करी, हुवो हर्ष अपारं ॥ ७ ॥

श्री अजित जिन स्तवन

(लय—अहो प्रिय तुम घट पाडी)

अहो प्रभु अजित जिनेश्वर आपरो, ध्याऊँ ध्यान हमेश हो ।
अहो प्रभु अशरण शरण तूँही सही, मेटण सकल कलेश हो ॥
अहो प्रभु तुम ही दायक शिव पंथ ना ॥१॥

अहो प्रभु उपशम रस भरी आपरी, वाणी सरस विशाल हो ।
अहो प्रभु मुक्ति निसरणी मनोहरु, सुण्याँ मिटै भ्रमजाल हो ॥२॥

अहो प्रभु उभय बन्धण आप आखिया, राग-द्वेष विकराल हो ।
अहो प्रभु हेतु ए नरक निगोद ना, राच्या मूरख बाल हो ॥३॥

अहो प्रभु रमणी राक्षसणी कही, विष वल्ली मोह जाल हो ।
अहो प्रभु काम भोग किम्पाक-सा, दाख्या दीन दयाल हो ॥४॥

अहो प्रभु विविध उपदेश देई करी, तैं तार्‌या नर नार हो ।
अहो प्रभु भव-सिन्धु पोत तूँ ही सही, तूँ ही जगत आधार हो ॥५॥

अहो प्रभु शरण आयो तुज साहिबा, वस रह्या हीया मांय हो ।
अहो प्रभु आगमवयण अङ्गी करी, रह्यो ध्यान तुझ ध्याय हो ॥६॥

अहो प्रभु सम्वत् उगणीसै नें भाद्रवै, दशमी आदित्यवार हो ।
अहो प्रभु आप तणा गुण गाविया, वर्त्या जय जयकार हो ॥७॥

श्री सम्भव जिन स्तवन

(लय—हूं बलिहारी हो जादवां)

सम्भव साहिब समरिये, ध्यायो है जिन निर्मल ध्यान कै ।
एक पुद्गल दृष्टि थाप ने, कीधो है मन मेरु समान कै ॥
सम्भव साहिब समरिये ॥ १ ॥ ए आंकड़ी ॥

तन चञ्चलता मेटनें, हुवा है जग थी उदासीन कै ।
धर्म शुक्ल थिर चित्त धरै, उपशम रस में होय रह्या लीन कै ॥
सम्भव साहिब समरिये ॥ २ ॥

सुख इन्द्रादिक नॉ सहु, जाण्या है प्रभु अनित्य असार कै ।
भोग भयंकर कटुक फल, देख्या है दुर्गति दातार कै ॥
सम्भव साहिब समरिये ॥ ३ ॥

सुद्ध संवेग रसे भस्या, पेख्या है पुद्गल मोह पाश कै ।
अरुचि अनादर आण नें, आतम ध्यानें करता विलास कै ॥
सम्भव साहिब समरिये ॥ ५ ॥

संग छॉड मन वश करी, इन्द्रिय दमन करी दुर्दन्त कै ।
विविध तपे कर स्वामजी, घातीकर्म नों कीधो अन्त कै ॥
सम्भव साहिव समरिये ॥ ५ ॥

हूँ तुझ शरणे आवियो, कर्म विदारन तूं प्रभु वीर कै ।
तें तन मन वच वश किया, दुःकर करणी करण महाधीर कै ॥
सम्भव साहिब समरिये ॥ ६ ॥

सम्वत् उगणीसै भाद्रवै, सुदि इग्यारस आण विनोद कै ।
सम्भव साहिब समरिया, पाम्यो हे मन अधिक प्रमोद कै ॥
सम्भव साहिव समरिये ॥ ७ ॥

श्री अभिनन्दन जिन स्तवन

(लय—सती कलूजो हो हुवा सयम नै त्यार)

तीर्थंकर हो चोथा जग भाण, छांडि गृहवास करी मति निरमली।
विपय विटम्बन हो तजिया विप फल जाण।
अभिनंदन वन्दूं नित्य मनरली ॥ ए आंकड़ी १ ॥

दुःकर करणी हो कीधी आप दयाल,
ध्यान सुधा रस सम दम मन गली।
संग त्यागो हो जाणी माया जाल ॥ २ ॥

वीर रसे करी हो कीधी तपस्या विशाल,
अनित्य अशरण भावन अशुभ निरदली।
जग भूठो हो जाण्यो आप कृपाल ॥ ३ ॥

आत्म मित्री हो सुख दाता सम परिणाम,
एहिज अमित्र अशुभ भावे कलकली।
एहवी भावन हो भाया जिन गुण धाम ॥ ४ ॥

लीन संवेगे हो ध्यायो शुक्ल ध्यान,
क्षायक श्रेणि चढ़ी हुआ केवली।
प्रभु पाया हो निरावरण सुज्ञान ॥ ५ ॥

उपशम रस नी हो वागरी प्रभु वाण,
तन मन प्रेम पाया जन सांभली।
तुम वच धारी हो पाम्या परम कल्याण ॥ ६ ॥

जिन अभिनंदन हो गाया तन मन प्यार,
संवत् उगणीसै भाद्रवै अघदली।
सुदि इग्यारस हो हुवो हर्ष अपार ॥ ७ ॥

श्री सुमति जिन स्तवन

(लय—मूरख जीवड़ा रे गाफल मत रहे)

सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता, सुमति करण संसार।
सुमति जप्यॉ थी रे सुमति वधै घणी, सुमति सुमति दातार ॥
सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता ॥ ए आंकड़ी ॥ १ ॥

ध्यान सुधारस निर्मल ध्याय नें, पाम्या केवल नाण।
वाण सरस वर जन बहु तारिया, तिमिर हरण जग भाण ॥
सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता ॥ २ ॥

फटिक सिहासण जिनजी फाबता, तरु अशोक उदार।
छत्र चामर भामंडल झलकतो, सुर दुन्दुभि झिणकार ॥
सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता ॥ ३ ॥

पुष्प वृष्टि दिव्य ध्वनि दीपती, साहिब जग शिणगार।
अनन्त ज्ञान दर्शन बल चर्ण ही, ए द्वादश गुण श्रीकार ॥
सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता ॥ ४ ॥

वाण अमी सम उपशम रस भरी, दुर्गति मूल कषाय।
शिव सुखना अरि शब्दादिक कह्या, जग तारक जिनराय ॥
सुमति जिनेश्वर साहेब शोभता ॥ ५ ॥

अन्तरयामी रे शरणै आप रै, हूँ आयो अवधार।
जाप तुमारो रे निश दिन संभरूँ, शरणागत सुखकार॥
सुमति जिनेश्वर साहेव शोभता॥ ६॥

सम्वत् उगणीसै रे सुदि पक्ष भाद्रवै, वारस मङ्गलवार।
सुमति जिनेश्वर तन मन स्यू रट्या, आनन्द उपनो अपार॥
सुमति जिनेश्वर साहेव शोभता॥ ७॥

पद्म जिन स्तवन

(लय—जिन्दवेरी देशी छै सुण भगते भगवन्त के)

निर्लेप पद्म जिसा प्रभु, प्रभु पद्म पिछाण २ संयम लीधो तिण समै।
पाया चौथो नाण, पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ए आंकड़ी॥ १॥

ध्यान शुक्ल प्रभु ध्याय नें, पाया केवल सोय २।
दीनदयाल तणी दिशा कहणी नावै कोय॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ २॥

सम दम उपशम रस भरी, प्रभु आपरी वाण २।
त्रिभुवन तिलक तू ही सही, तूँ ही जनक समान॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ३॥

तू प्रभु कल्प तरु जिसो, तूँ चिन्तामणि जोय २।
समरण करतॉ आपरो, मन बंछित होय॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ४॥

सुखदायक सहू जग भणी, तूँ ही दीन दयाल २।
शरणे आयो तुझ साहिबा, तूँ ही परम कृपाल॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ५॥

गुण गाताँ मन गहगहे, सुख सम्पति जाण २।
विघ्न मिटै समरण कियाँ, पामै परम कल्याण॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ६॥

सम्वत् उगणीसै नें भाद्रवै, सुदि बारस देख २।
पद्म प्रभु रट्या लाडनूं, हुवो हर्ष विशेख॥
पद्म प्रभु नित्य समरिये॥ ७॥

श्री सुपास जिन स्तवन

(लय—कृपण दीन अनाथ ए)

सुपास सातमाँ जिणद ए, ज्यांने सेवै सुर नर वृन्द ए।
सेवग पूरण आश ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए॥आंकड़ी॥१॥
जन प्रतिबोधण काम ए, प्रभु बागरै वाण अमाम ए।
संसार स्यूं हुवै उदास ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए॥२॥
पामै काम भोग थी उद्वेग ए, बलि उपजै परम संवेग ए।
एहवा तुम वच सरस विलास ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए॥३॥
घणी मीठी चक्री नी खीर ए, बलि खीर समुद्र नो नीर ए।
एह थी तुम वच अधिक विमास ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए॥४॥
सांभल नें जन वृन्द ए, रोम रोम में पामैं आनन्द ए।
ज्यांरी मिटै नरकादिक त्रास ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए॥५॥

तू प्रभु दीनदयाल ए, तूं ही अशरण शरण निहाल ए।
हूं छूं तुमारो दास ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए ॥६॥
संवत् उगणीसैं सोय ए, भाद्रवा सुदि तेरस जोय ए।
पहूंची मननी आश ए, भजिये नित्य स्वामि सुपास ए ॥७॥

श्री चंद्रप्रभ जिन स्तवन

(लय—शिवपुर नगर सुहामणो)

हो प्रभु चन्द जिनेश्वर चन्द जिस्या,
वाणी शीतल चन्द सी न्हाल हो।
प्रभु उपशम रस जन सांभल्याँ,
मिटै कर्म भ्रम मोह जाल हो ॥
प्रभु चन्द जिनेश्वर चन्द जिस्या ॥ ए आं० ॥१॥

हो प्रभु सूरत मुद्रा सोहनी,
चारु रूप अनूप विशाल हो।
प्रभु इन्द्र शची जिन निरखती,
तेतो तृप्ति न होवे निहाल हो। प्र० ॥२॥

अहो वितराग प्रभु तू सही,
तुम ध्यान ध्यावै चित्त रोक हो।
प्रभु तुम तुल्य ते हुवै ध्यान सूं,
मन पायाँ परम सन्तोख हो। प्र० ॥ ३ ॥

हो प्रभु लीन पणै तुम ध्यावियाँ,
पामैं इन्द्रादिक नी ऋद्धि हो।
वलि विविध भोग सुख सम्पदा,
लहै आमोसही आदि लब्धि हो। प्र० ॥ ४ ॥
हो प्रभु नरेन्द्र पद पामै सही,
चरण सहित ध्यान तन मन्न हो।
प्रभु अहमिंद्र पद पामै बलि,
कियाँ निश्चल थारो भजन्न हो। प्र० ॥ ५ ॥
हो प्रभु शरण आयो तुम्क साहिबा,
तुम ध्यान धरूं दिन रैन हो।
प्रभु तुम्क मिलवा मुम्क मन उमह्यो,
तुम समरण स्यूं सुख चैन हो। प्र० ॥ ६ ॥
सम्वत् उगणीसै भाद्रवै,
सुदि तेरस नें बुधवार हो।
प्रभु चन्द्र जिनेश्वर समरिया,
हुओ आनन्द हर्ष अपार हो। प्र० ॥ ७ ॥

श्री सुविधि जिन स्तवन

(लय—सोही तेरा पन्थ पावै हो)

सुविधि करी भजिये सदा, सुविधि जिनेश्वर स्वामी हो।
पुष्पदन्त नाम दूसरो, प्रभु अन्तर्यामी हो॥
सुविधि भजिये शिरनामी हो॥ ए आं० ॥ १ ॥

श्वेत वरण प्रभु शोभता, वारू वाण अमामी हो।
उपशम रस गुण आगली, मेटण भव भव स्वामी हो ॥ २ ॥
समवसरण विच फाबता, त्रिभवन तिलक तमामी हो।
इन्द्र थकी ओपैं घणाँ, शिवदायक स्वामी हो ॥ ३ ॥
सुरेन्द्र नरेन्द्र चन्द्र ते, इन्द्राणी अभिरामी हो।
निरख निरख धापै नहीं, एहवो रूप अमामी हो ॥ ४ ॥
मधुकर मरंद तणी परैं, सुर नर करत सिलामी हो।
तो पिण राग व्यापैं नहीं, जीत्यो मोह हरामी हो ॥ ५ ॥
जे जोधा जग में घणा, सिंह साथे संग्रामी हो।
ते मन इन्द्रिय वश करी, जोड़ी केवल पामी हो ॥ ६ ॥
उगणीसैं पुनम भाद्रवी, प्रणमुं शिर नामी हो।
मन चिन्तित वस्तु मिलैं, रटियाँ जिन स्वामी हो ॥ ७ ॥

श्री शीतल जिन स्तवन

(लय—हूँ देवा आई ओलभड़ो सासुजी)

शीतल जिन शिवदायका, साहिवजी।
शीतल चन्द समान हो, निस्नेही ॥
शीतल अमृत सारिखा, साहिवजी।
तप्त मिटै तुम ध्यान हो, निस्नेही ॥
सूरत थाँरी मन वसै, साहिवजी ॥ १ ॥

वंदे निंदे तो भणी, साहिबजी।
राग द्वेष नहीं ताम हो, निस्नेही॥
मोह दावानल तें मेटियो, साहिबजी।
गुणनिष्पन्न तुम नाम हो, निस्नेही॥
सूरत थांरी मन वसी साहिबजी॥ २॥
नृत्य करै तुझ आगलै, साहिबजी।
इन्द्राणी सुरनार हो, निस्नेही॥
राग भाव नहीं ऊपजै, साहिबजी।
ते अंतर लग्न निवार हो, निस्नेही॥
सूरत थॉरी मन बसी, साहिबजी॥ ३॥
क्रोध मान माया लोभ ए, साहिबजी।
अग्नि सूं अधिकी आग हो, निस्नेही॥
शुक्ल ध्यान रूप जल करी, साहिबजी।
थया शीतलिभूत महाभाग हो, निस्नेही॥
सूरत थॉरी मन वसी, साहिबजी॥ ४॥
इन्द्रिय नोइन्द्रिय आकरा, साहिबजी।
दुर्जय नें दुर्दान्त हो, निस्नेही॥
ते जीता मन स्थिर करी, साहिबजी।
धर उपशम चित शांत हो, निस्नेही॥
सूरत थॉरी मन वसी, साहिबजी॥ ५॥
अन्तरयामी आपरो, साहिबजी।
ध्यान धरूँ दिन रैन हो, निस्नेही॥

उवाहि दिशा कद आवसी, साहिवजी।
होसी उत्कृष्टो चैन हो, निस्नेही॥
सूरत थॉरी मन वसी, साहिवजी॥ ६॥
उगणीसै पूनम भाद्रवी, साहिवजी।
शीतल मिलवा काज हो, निस्नेही॥
शीतल जिनजी नें समरिया, साहिवजी।
हिय शीतल हुवो आज हो, निस्नेही॥
सूरत थॉरी मन बसी साहिवजी॥ ७॥

श्री श्रेयांस जिन स्तवन

(लय—पुत्र वसुदेवनो)

मोक्षमार्ग श्रेय शोभता, धाख्या स्वाम श्रेयांस उदार रे।
जे जे श्रेय वस्तु संसार में, ते ते आप करी अङ्गीकार रे॥
ते ते आप करी अङ्गीकार, श्रेयांस जिनेश्वरु,
प्रणमूं नित्य वेकर जोड़ रे। ए आं० ॥ १॥

समिति गुप्ति ए दुःधर घणा, धर्म शुक्ल ध्यान उदार रे।
ए श्रेय वस्तु शिव दायनी, आप आदरी हर्ष अपार रे॥ २॥

तन चंचलता मेट नें, पद्मासन आप विराजे रे।
उत्कृष्ट ध्यान तणो कियो, आलम्बन श्रीजिनराज रे॥ ३॥

इन्द्रिय विषय विकार थी, नरकादिक रुलियो जीव रे।
किम्पाक फलनी उपमा, रहिये दूर थी दूर सदीव रे॥ ४॥

संयम तप जप शील ए, शिव साधन महा सुखकार रे ।
अनित्य अशरण अनंत ए, ध्यायो निर्मल ध्यान उदार रे ॥ ५ ॥

स्त्रियादिक ना सङ्ग ते, आलम्बन दुःख दातार रे ।
अशुद्ध आलम्बन छॉड़ने, धार्‍यो ध्यान आलम्बन सार रे ॥ ६ ॥

शरण आयो तुझ साहिबा, करूँ बार बार नमस्कार रे ।
उगणीसै पूनम भाद्रवी, मुझ वर्त्या जय जयकार रे ॥ ७ ॥

श्री वासुपूज्य जिन स्तवन

(लय—इम जाप जपो श्री नवकारं)

द्वादशमा जिनवर भजिये, राग द्वेष मच्छर माया तजिये ।
प्रभु लाल वरण तन छवि जाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले हो प्राणी ॥१॥
बनिता जाणी वैतरणी, शिव सुन्दर वरवा हुंस घणी ।
काम भोग तज्या किम्पाकाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥२॥
अञ्जन मञ्जन स्यूं अलगा बलि पुष्प बिलेपन नहीं वलगा ।
कर्म काट्या ध्यान मुद्रा ठाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥३॥
इन्द्र थकी अधिका ओपै, करुणागर कदेय नहीं कोपै ।
वर शाकर दूध जिसी वाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥४॥
स्त्री स्नेह पाशा दुर्दन्तो, कह्यो नरक निगोद तणो पंथो ।
इह भव परभव दुःखदाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥५॥
गजकुम्भ दलै मृगराज हणी, पिण दोहिली निज आत्म दमणी ।
इम सुण बहु जीव चेत्या जाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥६॥

भाद्रवी पूनम उगणीसो, कर जोड़ नमू वासुपूज्य इसो ।
प्रभु गातॉं रोम राय हुलसाणी, प्रभु वासुपूज्य भजले प्राणी ॥७॥

श्री विमल जिन स्तवन

(लय—कांय न मांगाँ कांयन मांगाँ हो राजाजी मांगाँ पूरण प्रीत बीजूं०)

शरणे तुम्हारे ३ हो विमल प्रभु, सेवक नी अरदास ।
आयो शरण तिहारे हो ॥

विमल करण प्रभु विमलनाथजी, विमल आप वर रीत ।
विमल ध्यान धरतॉं हुवे निर्मल, तन मन लागी प्रीत ।
साहिब शरणे तिहारे हो । ए आं० ॥ १ ॥

विमल ध्यान प्रभु आप ध्याया, तिण सूं हुवा विमल जगदीश ।
विमल ध्यान वलि जे कोई ध्यासी, होसी विमल सरीस ॥ २ ॥

विमल गृहवासे द्रव्य जिनेन्द्र था, दिक्षा लियॉं भावे साध ।
केवल उपना भावे जिनेश्वर, भावे विमल आराध ॥ ३ ॥

नाम स्थापना द्रव्य विमल थी, कारज न सरै कोय ।
भाव विमल थी कारज सुधरै, भाव जप्यॉं शिव होय ॥ ४ ॥

गुण गिरवो गंभीर धीर तूँ, तूँ मेटण जम त्रास ।
मैं तुम वयण आगम शिर धास्या, तूं मुझ पूरण आश ॥ ५ ॥

तूँ ही कृपाल दयाल साहेब, शिवदायक तूँ जगनाथ ।
निश्चल ध्यान करै तुझ ओलख, ते मिले तुझ संघात ॥ ६ ॥

अंतरयामी आप उजागर, मैं तुझ शरणों लीध ।
संवत उगणीसै भाद्रवी पूनम, वंछित कारज सिद्ध ॥ ७ ॥

श्री अनंत जिन स्तवन

(लय—पायो युवराज पद मुनि)

अंनत नाम जिन चवदमा रे, द्रव्य चौथे गुणठाण भलॉजी कांई द्रव्य०
भावे जिन हुवै तेरमें रे, इतले द्रव्य जिन जाण ॥
भलाँजी कांई इतलै द्रव्य जिन जाण, पायो पद जिनराजनों जी ।
शुद्ध ध्यान निरमल ध्याय । भलांजी कॉई शुभ ध्यान निरमल ध्याय ।
पायो पद जिनराजनों जी ॥ १ ॥

जिन चक्री सुर जुगलिया रे, वासुदेव बलदेव । भलॉ० । वा० ।
ए पञ्चमें गुण पावै नहीं रे, ए रीत अनादि स्वमेव ॥ भलॉ ॥ए०॥
पायो पद जिनराजनों जी ॥ २ ॥

संयम लीधो तिण समै रे, आया सातमें गुणठाण । भलाँ० । आ० ।
अंतर मुहूर्त्त तिहाँ रही रे, छठे बहुस्थिति जाण ॥ भलाँ० छ० ।
पायो पद जिनराजनों जी ॥ ३ ॥

आठमॉ थी दोय श्रेणि छै रे, उपशम खपक पिछाण । भलॉ० । उ० ।
उपशम जाय इग्यारमैं रे, मोह दबावतो जाण ॥ भलाँ० मो० ।
पायो पद जिनराजनों जी ॥ ४ ॥

श्रेणी उपशम जिन ना लहै रे, क्षपक श्रेणी धर खंत । भ० ख० ।
चारित्र मोह खपावतॉ रे, चढ़िया ध्यान अत्यन्त ॥ भ० च० ।
पायो पद जिनराजनों जी ॥ ५ ॥

नवमें आदि संजल चिहुँ रे, अंत समै इक लोभ। भ० अं०।
दशमें सूक्ष्म मात्र ते रे, सागार उपयोग शोभ॥ भ० सा०॥
पायो पद जिनराजनों जी॥ ६॥

एकादशमो उलंघ नैं रे, बारमें मोह खपाय। भ० बा०।
त्रि कर्म इक समै तोड़ता रे, तेरमें केवल पाय॥
पायो पद जिनराजनों जी॥ ७॥

तीर्थ थाप योग रून्ध नै रे, चउदमा थी शिव पाय। भ० च०।
उगणीसै भाद्र पूनमी रे, अनंत रह्या हरपाय। भ० अ०॥
पायो पद जिनराजनों जी॥ ८॥

यह स्तवन निम्न रागिनी में भी गाया जाता है

(लय—आज आणन्दा रे)

अनन्त नाम जिन चवदमाँ, जिनराया रे।
द्रव्य चौथे गुण स्थान, स्वाम सुखदाया रे॥
भावे जिन हुवै तेरमें, जिनराया रे।
इतलै द्रव्य जिन जाण, स्वाम सुखदाया रे॥ १॥

श्री धर्म जिन स्तवन

(लय—भिक्षु पट भारीमाल भलकै)

धर्म जिन धर्म तणा धोरी, त्रटक मोह-पाश नाख्या तोड़ी।
चरण धर्म आतम स्यूं जोड़ी, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा॥१॥

शुक्ल ध्यान अमृत रस लीना, संवेग रसे करी जिन भीना ।
प्याला प्रभु उपशम ना पीना, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा ॥२॥
जाण्या शब्दादिक मोह जाला, रमणि सुख किम्पाक सम काला ।
हेतु नरकादिक दुःख आला, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा ॥३॥
पुद्गल सुख अरि जाण्या स्वामी, ध्यान थिर चित्त आतम धामी ।
जोड़ी युग केवल नीं पामी, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा ॥४॥
थाप्या प्रभु च्यार तीरथ तायो, आख्यो धर्म जिन आज्ञा मांयो ।
आज्ञा बाहिरै अधर्म दुःखदायो, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा ॥५॥
विरत धर्म धर्म जिन आख्याता, अवरत कही अधर्म सुखदाता ।
सावद्य निरवद्य जु जुआ कह्या खाता, अहो प्रभु पर्म देवप्यारा ॥६॥
बहु जन तार मुक्ति पाया, उगणीसै आसू धुर दिन आया ।
धर्मजिन रटवेई सुख पाया, अहो प्रभु पर्म देव प्यारा ॥७॥

श्री शान्ति जिन स्तवन

(लय—हूं बलिहारी भीखणजी साध री)

शांति करण प्रभु शान्तिनाथजी शिव दायक सुखकन्द की ।
बलिहारी हो शान्ति जिणन्द की ॥ १ ॥
अमृत वाण सुधा-सी अनुपम, मेटण मिथ्या मन्द की ।
बलिहारी हो शान्ति जिणन्द की ॥ २ ॥
काम भोग राग द्वेष कटुक फल, विष-वेलि मोह धन्द की ।
बलिहारी हो शान्ति जिणन्द की ॥ ३ ॥

राक्षसणी रमणी वैतरणी, पुतली अशुचि दुगन्ध की।
वलिहारी हो शान्ति जिणन्द की॥ ४॥
विविध उपदेश देई जन तास्या, हूँ वारी जाऊँ विश्वनंद की।
वलिहारी हो शान्ति जिणन्द की॥ ५॥
परम दयाल गोवाल कृपानिधि, तुम जप माला आनन्द की।
वलिहारी हो शान्ति जिणन्द की॥ ६॥
सम्वत् उगणीसै आसू वदी एकम, शान्तिलता सुखकंद की।
वलिहारी हो शान्ति जिणन्द की॥ ७॥

श्री कुन्थु जिन स्तवन

(लय—वाल्हो तो भावना रो भूखो)

कुन्थु जिनेश्वर करुणा सागर, त्रिभुवन शिर टीकी रे।
प्रभु को समरण कर नीको रे॥ १॥
अद्भुत रूप अनुप कुंथु जिन, दर्शन जग पी को रे।
प्रभु को समरण कर नीको रे॥ २॥
वाण सुधा सम उपशम रस नी, वालहो जग त्री को रे।
प्रभु को समरण कर नीको रे॥ ३॥
अनुकम्पा दोय श्री जिन दाखी, मर्म ओ समदृष्टि को रे।
प्रभु को समरण कर नीको रे॥ ४॥
असंयती रो जीवणो बांछै, ते सावद्य तहतीको रे।
प्रभु को समरण कर नीको रे॥ ५॥

निरवद्य करुणा करी जन तार्‍यां, धर्म ए जिनजी को रे ।
प्रभु को समरण कर नीको रे ॥ ६ ॥
संवत् उगणीसै आसू बदि एकम, शरणो साहिबजी को रे ।
प्रभु को समरण कर नीको रे ॥ ७ ॥

श्री अर जिन स्तवन

(लय—देखो सहियां बनड़ो ए नेमकुमार)

अर जिन कर्म अरी नॉ हन्ता, जगत उद्धारण जहाज ।
म्हानै प्यारा लागै छै जी, अर जिनराज ॥
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ १ ॥
परिषह उपसर्ग रूप अरि हण, पाया केवल पाज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ २ ॥
नयण न धापै निरखतॉ जी, इन्द्राणी सुर राज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ ३ ॥
वारूं रे जिनेश्वर रूप अनूपम, तूं सुगुणा शिरताज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ ४ ॥
वाण विशाल दयाल पुरुष नी, भूख तृषा जाए भाज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ ५ ॥
शरणे आयो स्वामरे जी, अविचल सुख नें काज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ ६ ॥
उगणीसै आसू बदी एकम, आनन्द उपनो आज ।
म्हानै वाल्हा लागै छै जी अर महाराज ॥ ७ ॥

श्री मल्लि जिन स्तवन

(लय—जय गणेश ३ देवा तथा दीन दयाल बाण चरण)

नील वर्ण मल्लि जिनेश्वर, ध्यान निर्मल ध्यायो।
अल्प काल मांही प्रभु, परम ज्ञान पायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ १॥

कल्प पुष्पमाल जेम, सुगन्ध तन सुहायो।
सुर वधु वर नयन भ्रमर, अधिक हि लपटायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ २॥

स्व पर चक्र विविध विघ्न, मिटत तो पसायो।
सिंह नाद थकी गजेन्द्र, जेम दूर जायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ ३॥

वाण विमल निमल सुधा, रस संवेग छायो।
नर सुरासुर त्रिय समाज, सुणत ही हरषायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ ४॥

जगदयाल तू ही कृपाल, जनक ज्यूं सुखदायो।
वत्सल नाथ स्वाम साहिब, सुजश तिलक पायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ ५॥

जप्त जाप खपत पाप, तप्त ही मिटायो।
मल्लि देव त्रिविध सेव, जग अछेरो पायो॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो॥ ६॥

उगणीसैं आसोज कृष्ण, तीज सुदिन आयो ।
कुम्भनन्दन कर आनन्द, हर्ष थी मैं गायो ॥
मल्लि जिनेश्वर नाम समर, तरण शरण आयो ॥ ७ ॥

श्री मुनिसुव्रत जिन स्तवन

(लय—भरतजी भूप भया छो वैरागी)

सुमित्र नन्दन श्री मुनिसुव्रत, जगत् नाथ जिन जाणी ।
चारित्र ले केवल उपजायो, उपशम रस नी वाणी रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥
त्रिभुवन दीपक सागी रा, प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ १ ॥

चौत्रीस अतिशय नें पैंतीस वाणी, निरखत सुर इन्द्राणी ।
संवेग रस नी वाणी सांभल, हर्ष स्यूं आंख्यॉ भराणी रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ २ ॥

शब्द रूप गन्ध रस नें स्पर्श, प्रतिकूल न हुवै तुम आगै ।
ज्यूं पच्च दर्शन थां स्यूं पग नहीं माण्डै ,
तिम अशुभ शब्दादिक भागै रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ ३ ॥

सुर-कृत जल स्थल पुष्प पुञ्ज वर, ते छांड़ी चित्त दीनो ।
तुम निश्वास सुगन्ध मुख परिमल, मन भ्रमर महा लीनो रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ ४ ॥

पंचेन्द्रिय सुर नर तिरि तुम स्युं, किम हुवै दुखदायो ।
एकेन्द्रिय अनिल तजै प्रतिकूल पणुं, वाजै गमतो वायो रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ ५ ॥

राग द्वेष दुर्दन्त ते दमिया, जीत्या विषय विकारो ।
दीन दयाल आयो तुझ शरणे, तू गति मति दातारो रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ ६ ॥

सम्वत् उगणीसै आसोज तीज तिथि, श्री मुनिसुव्रत गाया ।
लाडनूं शहर मांहि रूड़ी रीते, आनन्द अधिको पाया रा ॥
प्रभुजी आप प्रवल वड़ भागी ॥ ७ ॥

श्री नमि जिन स्तवन

(लय—परम गुरु पूज्यजी मुझ प्यारा रे)

नमिनाथ अनाथों रा नाथो रे, नित्य नमण करूं जोड़ी हाथो रे ।
कर्म काटण वीर विख्यातो, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥१॥

प्रभु ध्यान सुधारस ध्याया रे, पद केवल जोड़ी पाया रे ।
गुण उत्तम उत्तम आया, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥२॥

प्रभु वागरी वाण विशालो रे, खीर समुद्र थी अधिक रसालो रे ।
जगतारक दीन दयालो, पमु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥३॥

थाप्या तीरथ च्यार जिणिंदो रे, मिथ्या तिमिर हरण नें मुणिंदो रे ।
ज्यांनें सेवत सुर नर वृन्दो, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥४॥

सुर अनुत्तर विमाण ना सेवै रे, प्रश्न पूछ्याँ उत्तर जिन देवै रे।
अवधिज्ञान करी जाणि लेवै, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥५॥
तिहाँ बैठा ते तुम ध्यान ध्यावे रे, तुम योग मुद्रा चित्त चाहवै रे।
ते पिण आपरी भावना भावै, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥६॥
उगणीसै आसोज उदारो रे, कृष्ण चौथ गाया गुण धारो रे।
हुवो आनंद हर्ष अपारो, प्रभु नमिनाथजी मुझ प्यारा रे ॥७॥

श्री अरिष्ट नेमि जिन स्तवन

(लय—छिणगई रे)

प्रभु नेमस्वामी, तूं जगन्नाथ अंतरजामी ॥ ए० आंकड़ी ॥
तू तोरण स्यूं फिर्‍यो जिन स्वाम, अद्भुत बात करी तें अमाम ॥
प्रभु नेम स्वामी० ॥ १ ॥
राजिमति छांड़ी जिनराय, शिव सुन्दर स्यूं प्रीत लगाय ॥ २ ॥
केवल पाया ध्यान वर ध्याय, इन्द्र शची निरखै हर्षाय ॥ ३ ॥
नेरिया पिण पामें मन मोद, तुझ कल्याण सुर करत विनोद ॥ ४ ॥
राग रहित शिव सुख स्यूं प्रीत, कर्म हणै बलि द्वेष रहित ॥ ५ ॥
इचरजकारी प्रभु थारो चरित्र, हूं प्रणमुं कर जोड़ी नित्य ॥ ६ ॥
उगणीसै विद चौथ कुंमार, नेम जप्याँ पायो सुखसार ॥ ७ ॥

श्री पार्श्व जिन स्तवन

(लय—पूज्य भीखणजी तुमारा दर्शन)

लोह कंचन करै पारस काचो, ते कहो कर कुण लेवै हो ।
पारस तू प्रभु साचो पारस, आप समो कर देवै हो ॥
पारसदेव तुमारा दर्शन, भाग भला सोई पावैहो ॥ १ ॥

तुझ मुख-कमल पासे चमरावलि, चंद्र-कान्तिवत् सोहैहो ।
हंस श्रेणि जाणै पंकज सेवै, देखत जन मन मोहै हो ॥
पारस देव तुमार दर्शन० ॥ २ ॥

स्फटिक सिंहासण सिंह आकारे, बैस देशना देवै हो ।
वन-मृग आवै वाणी सुणवा, जाणक सिंह नें सेवै हो ॥
पारस देव तुमारा दर्शन० ॥ ३ ॥

चंद्र समो तुझ मुख महा शीतल, नयन चकोर हर्षावै हो ।
इन्द्र नरेन्द्र सुरासुर रमणी, निरखत तृपति न पावै हो ॥
पारस देव तुमारा दर्शन० ॥ ४ ॥

पाखंडी सरागी आप निरागी, आपस में इम गैरी हो ।
वैर भाव पाखंडी राखै, पिण आप त्यारा नहीं वैरी हो ॥
पारस देव तुमारा दर्शन० ॥ ५ ॥

जिम सूर्य खद्योत ऊपरै, वैरभाव नहीं आणै हो ।
इण विधि प्रभु पिण पाखंडियाँ नें, खद्योत सरीखा जाणै हो ॥
पारस देव तुमारा दर्शन० ॥ ६ ॥

पुद्गल सुख अरि शिव तणा रे, नरक तणा दातार।
छाँड़ रमणि किम्पाक वेलि, संवेग संयम धार॥
नहीं एसो दूसरो जग वीर॥ ५॥

निंदा स्तुति सम पणै रे, मान अनें अपमान।
हर्ष शोक मोह परिहर्यां रे, पामै पद निर्वाण॥
नहीं एसो दूसरो जग वीर॥ ६॥

इम बहुजन प्रभु तारिया रे, प्रणमूं चरम जिनेन्द्र।
उगणीसै आसोज चौथ विद, हुओ अधिक आनंद॥
नहीं एसो दूसरो जग वीर॥ ७॥

जैनागमों के सूक्त

धर्म

[१]

धम्मो मंगल मुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसन्ति, जस्स धम्मे सयामणो ॥ १ ॥

(दश० अ० १ गा० १)

धर्म उत्कृष्ट मंगल है। अहिंसा, संयम और तप धर्म है। जिसका मन सदा धर्म में है, उसे देवता भी नमते हैं ॥ १ ॥

[२]

अहिंस सच्चं च अतेणगं च,
तत्तो य बंभं अपरिग्गहं च।
पडिवज्जिया पंच महव्वयाणि,
चरिज्ज धम्मं जिणदेसियं विऊ ॥ २ ॥

(उत्तरा० अ० २१ गा० १२)

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह—इन पांच महाव्रतों को स्वीकार करके बुद्धिमान मनुष्य जिनेश्वर भगवान् द्वारा उपदिष्ट धर्म का आचरण करे।

अहिंसा

[३]

तत्थिमं पढमं ठाणं, महावीरेण देसियं।
अहिंसा निउणा दिट्ठा, सव्वभूएसु संजमो ॥ १ ॥

(दश० अ० ६ गा० ९)

भगवान महावीर ने अठारह धर्म स्थानों में सब से पहला स्थान अहिंसा का बतलाया है। सब जीवों के साथ संयम से व्यवहार रखना सच्ची अहिंसा है।

[४]

सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं।
तम्हा पाणिवहं घोरं, निग्गंथा वज्जयंति णं ॥ २ ॥

(दश० अ० ६ गा० ११)

सभी जीव जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। इसीलिये निर्ग्रन्थ (जैन मुनि) प्राणिवध रूपी घोर पाप का सर्वथा परित्याग करते हैं।

] ५]

समया सव्वभूएसु, सत्तु-मित्तेसु वा जगे।
पाणाइवायविरई, जावज्जीवाए दुक्करं ॥ ३ ॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० २६)

संसार में सब प्राणियों के प्रति—चाहे वे शत्रु हो या मित्र हो—सम भाव रखना तथा जीवन पर्यन्त हिंसा का सर्वथा त्याग करना दुष्कर है।

सत्य

[६]

निच्चकालऽप्पमत्तेणं, मुसावायविवज्जणं।
भासियव्वं हियं सच्चं, निच्चाऽउत्तेण दुक्करं ॥ १ ॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० २७)

सदा अप्रमादी और सावधान रहकर, असत्य को त्याग कर हितकारी सत्य वचन ही बोलना चाहिये। इस तरह सत्य बोलना बड़ा कठिन है।

अस्तेय

[७]

चित्तमंतमचित्तं वा, अप्पं वा जइ वा बहुं।
दन्तसोहणमित्तं पि, उग्गहं से अजाइया ॥ १ ॥

(दश० अ० ६ गा० १४)

पदार्थ सचित्त हो या अचित्त, अल्प हो या अधिक; दांत कुरेदने की सींक तक भी संयमी पुरुष अधिकारी की आज्ञा बिना नहीं लेते।

ब्रह्मचर्य

[८]

कामाणुगिद्धिप्पभवं खु दुक्खं,
सव्वस्स लोगस्स सदेवगस्स ।
जं काइयं माणसियं च किंचि,
तस्सऽन्तगं गच्छई वीयरागो ॥ १ ॥
(उत्तरा० अ० ३२ गा० १९)

देवलोक सहित समस्त संसार के शारीरिक तथा मानसिक सभी प्रकार के दुःखों का मूल काम-भोगों की वासना ही है। जो इस सम्बन्ध मे वीतराग हो जाता है वह सभी प्रकार के दुःखों से छूट जाता है ।

[६]

देवदाणवगन्धव्वा, जक्खरक्खसकिन्नरा ।
बंभयारि नमंसन्ति, दुक्करं जे करन्ति तं ॥ २ ॥
(उत्तरा० अ० १६ गा० १६)

जो मनुष्य इस प्रकार दुष्कर ब्रह्मचर्य का पालन करता है, उसे देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नर आदि सभी नमस्कार करते है ।

अपरिग्रह

[१०]

न सो परिग्गहो वुत्तो, नायपुत्तेण ताइणा ।
मुच्छा परिग्गहो वुत्तो, इइ वुत्तं महेसिणा ॥ १ ॥

(दश० अ० ६ गा० २१)

प्राणिमात्र के संरक्षक भगवान महावीर ने संयम-साधना के लिये आवश्यक वस्त्र, पात्र आदि स्थूल पदार्थों को परिग्रह नहीं बतलाया है किन्तु इनमें मूर्च्छा (आसक्ति) रखना ही परिग्रह है।

विनय

[११]

मूलाओ खंधप्पभवो दुमस्स,
खंधाउ पच्छा समुवेन्ति साहा ।
साहाप्पसाहा विरुहंति पत्ता,
तओ से पुप्फं च फलं रसो य ॥ १ ॥

(दश० अ० ९ उ० २ गा० १)

वृक्ष के मूल से स्कन्ध, स्कन्ध से शाखा, शाखा से प्रशाखा और उनसे पत्ते उत्पन्न होकर क्रमशः फूल, फल और रस उत्पन्न होते हैं।

[१२]

एवं धम्मस्स विणओ, मूलं परमो से मोक्खो।
जेण कित्तिं सुयं सिग्घं, निस्सेसं चाभिगच्छइ ॥ २ ॥

(दश० अ० ९ उ० २ गा० २)

इसी भांति धर्म का मूल विनय है और मोक्ष उसका अन्तिम रस है। विनय से ही मनुष्य कीर्ति, विद्या, श्लाघा और निःश्रेयस् शीघ्र प्राप्त करता है।

चार-अंग

[१३]

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जन्तुणो।
माणुसत्तं, सुई, सद्धा, संजमम्मि य वीरियं ॥ १ ॥

(उत्तरा० अ० ३ गा० १)

संसार में जीवों को इन चार श्रेष्ठ अङ्गों (जीवन विकास के साधनों) का प्राप्त होना बहुत दुर्लभ है। वे चार अङ्ग ये है—मनुष्यत्व, धर्म श्रुति, सत्‌श्रद्धा और संयम-मार्ग में पुरुषार्थ।

कषाय

[१४]

कोहो य माणो य अणिग्गहीया,
माया य लोभो य पवड्ढमाणा।

चत्तारि एए कसिणा कसाया,
सिंचन्ति मूलाइं पुणब्भवस्स ॥ १ ॥
(दश० अ० ८ गा० ४०)

अनिगृहीत क्रोध अहंकार, बढ़ते हुए माया और लोभ, ये चारों ही कषाय पुनर्जन्म रूपी संसार वृक्षके मूल को सींचते हैं।

[१५]

कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो।
माया मित्ताणि नासेइ, लोहो सव्वविणासणो ॥ २ ॥
(दश० अ० ८ गा० ३७)

क्रोध प्रीति का, अहंकार विनय का, कपट मित्रता का और लोभ सारे सद्गुणोंका नाश करता है।

[१६]

उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे।
मायमज्जवभावेण, लोभं सन्तोसओ जिणे ॥ ३ ॥
(दश० अ० ८ गा० ३८)

उपशाम (शान्ति) से क्रोध, नम्रता से अहंकार, सरलता से कपट और सन्तोष से लोभ को जीते।

[१७]

जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई।
दोमासकयं कज्जं, कोडीए वि न निट्ठियं ॥ ४ ॥
(उत्तरा० अ० ८ गा० १२)

ज्यों ज्यों लाभ बढ़ता है त्यों त्यों लोभ भी बढ़ता जाता है। देखो कपिल ब्राह्मण को पहले दो मासा सोने की आवश्यकता थी वह बाद में क्रोड़ों से भी पूरी नहीं हुई।

[१८]

सुवण्ण रुप्पस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलाससमा असंखया।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि,
इच्छा हु आगाससमा अणंतिया ॥ ५ ॥

(उत्तरा० अ० ९ गा० ४८)

कैलाश के समान विशाल सोने और चांदी के असंख्य पर्वत भी यदि पास में हो जाय, तो भी लोभी मनुष्य की तृप्ति के लिये वे कुछ भी नहीं है। क्योंकि तृष्णा आकाश के समान अनन्त है।

अप्रमाद

[१९]

असंखयं जीविय मा पमायए,
जरोवणीयस्स हु नत्थि ताणं।
एवं विजाणाहि जणे पमत्ते,
कं नु विहिंसा अजया गहिन्ति ॥ १ ॥

(उत्तरा० अ० ४ गा० १)

जीवन असंस्कृत है—अर्थात् एक बार टूट जाने के बाद फिर नहीं जुड़ता। अतः एक क्षण भी प्रमाद न-करो।

'प्रमाद, अहिंसा और असंयम में अमूल्य यौवन-काल बितादेने के बाद जब वृद्धावस्था आवेगी, तब तुम्हारी कौन रक्षा करेगा—तब किस की शरण लोगे?' यह खूब सोच-विचार लो।

[२०]

संसारमावन्न परस्स अट्ठा,
साहारणं जं च करेइ कम्मं।
कम्मस्स ते तस्स उ वेयकाले,
न बन्धवा बन्धवयं उवेन्ति ॥ २ ॥

(उत्तरा० अ० ४ गा० ४)

संसारी मनुष्य अपने प्रिय कुटुम्बियों के लिए बुरे-से बुरे पाप-कर्म भी कर डालता है, पर जब उसके दुष्फल भोगने का समय आता है, तब अकेला ही दुःख भोगता है, कोई भी भाई-बन्धु उसका दुःख बँटाने वाला—सहायता पहुँचाने वाला नहीं होता।

[२१]

दुमपत्तए पंडुयए जहा,
निवडइ राइगणाण अच्चए।

एवं मणुयाण जीवियं,
समयं गोयम ! मा पमायए ॥ ३ ॥
(उत्तरा० अ० १० गा० १)

जैसे वृक्ष का पत्ता पतझड़-ऋतुकालिक रात्रि-समूह के वीत जाने के वाद पीला होकर गिर जाता है, वैसे ही मनुष्यों का जीवन भी आयु समाप्त होने पर सहसा नष्ट हो जाता है। इसलिए हे गौतम ! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

[२२]

कुसग्गे जह ओसबिन्दुए,
थोवं चिट्ठइ लम्बमाणए।
एवं मणुयाण जीवियं,
समयं गोयम ! मा पमायए ॥ ४ ॥
(उत्तरा० अ० १०)

जैसे ओस की बून्द कुशा की नोक पर थोड़ी देर तक ही रहती है, वैसे ही मनुष्यों का जीवन भी वहुत अल्प है—शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाला है। इसलिए हे गौतम ! क्षण-मात्र-भी प्रमाद न कर।

[२३]

परिजूरइ ते सरीरयं,
केसा पंडुरया हवन्ति ते।

से सव्वबले य हायई,
समयं गोयम ! मा पमायए ॥ ५ ॥
(उत्तरा० अ० १० गा० २६)

तेरा शरीर दिन-प्रति-दिन जीर्ण होता जा रहा है, सिर के बाल पक कर श्वेत होने लगे हैं; अधिक क्या—शारीरिक और मानसिक सभी प्रकार का बल घटता जा रहा है। हे गौतम ! क्षण-मात्र भी प्रमाद न कर।

प्रमाद

[२४]

जहा य अण्डप्पभवा बलागा,
अण्डं बलागप्पभवं जहा य।
एमेव मोहाययणं खु तण्हा,
मोहं च तण्हाययणं वयन्ति ॥ १ ॥
(उत्तरा० अ० ३२ गा० ६)

जिस प्रकार बगुली अण्डे से पैदा होती है और अण्डा बगुली से पैदा होता है, उसी प्रकार मोह का उत्पत्ति-स्थान तृष्णा है और तृष्णा का उत्पत्ति-स्थान मोह है।

[२५]

रागो य दोसो वि य कम्मबीयं,
कम्मं च मोहप्पभवं वयन्ति।

कम्मं च जाईमरणस्स मूलं,
दुक्खं च जाईमरणं वयन्ति ॥ २ ॥
(उत्तरा० अ० ३२ गा० ७)

राग और द्वेष, दोनों कर्म के बीज हैं। अतः मोह ही कर्म का उत्पादक माना गया है। कर्म-सिद्धान्त के अनुभवी लोग कहते हैं कि संसार में जन्म-मरण का मूल, कर्म है और जन्म-मरण—यही एक मात्र दुःख है।

[२६]

दुक्खं हयं जस्स न होइ मोहो,
मोहो हओ जस्स न होइ तण्हा ।
तण्हा हया जस्स न होइ लोहो,
लोहो हओ जस्स न किंचणाइं ॥ ३ ॥
(उत्तरा० अ० ३२ गा० ८)

जिसको मोह नहीं है उसने दुःख का नाश कर दिया। जिसको तृष्णा नहीं है उसने मोह का नाश कर दिया। जिसने लोभ का परित्याग कर दिया उसने तृष्णा का क्षय कर डाला और जो अकिञ्चन है उसने लोभ का विनाश कर दिया।

आत्मा

[२७]

अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कूडसामली ।
अप्पा कामदुहा धेणू, अप्पा मे नन्दणं वणं ॥ १ ॥
(उत्तरा० अ० २० गा० ३६)

आत्मा ही नरक की वैतरणी नदी तथा कूट शाल्मली वृक्ष है। आत्मा ही स्वर्ग की काम दुधा धेनु तथा नन्दन-वन है।

[२८]

अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य।
अप्पा मित्तममित्तं च दुप्पट्ठिय सुप्पट्ठिओ ॥ २ ॥

(उत्तरा० अ० २० गा० ३७)

आत्मा ही अपने दुःखों और सुखों की कर्त्ता तथा भोक्ता है। अच्छे मार्ग पर चलने वाली आत्मा मित्र है और बुरे मार्ग पर चलने वाली आत्मा शत्रु है।

[२९]

अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो।
अप्पा दन्तो सुही होइ, अस्सिं लोए परत्थ य ॥ ३ ॥

(उत्तरा० अ० १ गा० १५)

अपने-आपको ही दमन करना चाहिए। वास्तव में यही कठिन है। अपने-आपको दमन करने वाला इस लोक तथा परलोक में सुखी होता है।

[३०]

जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ ॥ ४ ॥

(उत्तरा० अ० ९ गा० ३४)

जो वीर दुर्जय संग्राम में लाखों योद्धाओं को जीतता है, यदि वह एक अपनी आत्मा को जीत ले, तो यही उसकी सर्व-श्रेष्ठ विजय होगी।

[३१]

पंचिन्दियाणि कोहे, माणं मायं तहेव लोहं च ।
दुज्जयं चेव अप्पाणं, सव्वमप्पे जिए जियं ॥ ५ ॥

(उत्तरा० अ० ९ गा० ३६)

पांच इन्द्रियाँ—क्रोध, मान, माया, लोभ तथा सब से अधिक दुर्जय अपनी आत्मा को जीतना चाहिए। एक आत्मा के जीत लेने पर सब कुछ जीत लिया जाता है।

[३२]

न तं अरी कंठ-छेत्ता करेइ,
जं से करे अप्पणिया दुरप्पा ।
से नाहिइ मच्चुमुहं तु पत्ते,
पच्छाणुतावेण दयाविहूणो ॥ ६ ॥

(उत्तरा० अ० २० गा० ४८)

सिर काटने वाला शत्रु भी उतना अपकार नहीं करता, जितना दुराचरण में लगी हुई अपनी आत्मा करती है। दयाशून्य दुराचारी को अपने दुराचरणों का पहले ध्यान नहीं आता; परन्तु जब वह मृत्यु के मुख में पहुँचता है, तब अपने सब दुराचरणों को याद कर-कर पछताता है।

अशरण

[३३]

जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगाणि मरणाणि य।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जन्तुणो ॥ १ ॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० १५)

जन्म का दुःख है, जरा (बुढ़ापा का दुःख है, रोग और मरण का दुःख है। अहो! संसार दुःख रूप ही है! यही कारण है कि यहाँ प्रत्येक प्राणी जब देखो तब क्लेश ही पाता रहता है।

[३४]

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं।
असासयावासमिणं, दुक्खकेसाण भायणं ॥ २ ॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० १२)

यह शरीर अनित्य है, अशुचि है, अशुचि से उत्पन्न हुआ है, दुःख और क्लेशों का धाम है। जीवात्मा का इसमें कुछ ही क्षणों के लिए निवास है, आखिर एक दिन तो अचानक छोड़ कर चले ही जाना है।

[३५]

दाराणि सुया चेव, मित्ता य तह बन्धवा।
जीवन्तमणुजीवन्ति, मयं नाणुवयन्ति य ॥ ३ ॥

(उत्तरा० अ० १८ गा० १४)

स्त्री, पुत्र, मित्र और वन्धुजन, सव जीते-जी के ही साथी है, मरने पर कोई भी साथी नहीं आता।

[३६]

जमिणं जगई पुढो जगा,
कम्मेहिं लुप्पन्ति पाणिणो।
सयमेव कडेहि गाहई,
नो तस्स मुच्चेज्जऽपुट्ठयं ॥ ४ ॥

(सूत्र० श्रु० १ अ० २ उ० १ गा० ४)

संसार में जितने भी प्राणी हैं, सव अपने कृत-कर्मों के कारण ही दुःखी होते है। अच्छा या वुरा जैसा भी कर्म हो, उसका फल भोगे विना छुटकारा नहीं हो सकता।

[३७]

माणुसत्ते असारम्मि, वाहि-रोगाण आलए।
जरामरणघत्थम्मि, खणं पि न रमामहं ॥ ५ ॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० १४)

मानव-शरीर असार है, आधि व्याधियों का घर है, जरा और मरण से ग्रस्त है। अतः मैं इसकी ओर से क्षण भर भी प्रसन्न नहीं होता।

[३८]

न तस्स दुक्खं विभयन्ति नाइओ,
न मित्तवग्गा न सुया न वन्धवा।

एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं,

कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं ॥ ६ ॥

(उत्तरा० अ० १३ गा० २३)

पापी जीव के दु:ख को न जातिवाले बँटा सकते हैं, न मित्र वर्ग, न पुत्र और न भाई-बन्धु। जब दु:ख आ पड़ता है, तब वह अकेला ही उसे भोगता है। क्योंकि कर्म अपने कर्त्ता के ही पीछे लगते हैं, अन्य किसी के नहीं।

काम

[३९]

सव्वं विलवियं गीयं, सव्वं नट्टं विडम्बियं।

सव्वे आभरणा भारा, सव्वे कामा दुहावहा ॥ १ ॥

(उत्तरा० अ० १३ गा० १६)

गीत सब विलाप रूप हैं, नाट्य सब विडम्बना रूप हैं, आभरण सब भार रूप हैं। अधिक क्या; संसार के जो भी काम-भोग हैं, सब-के-सब दु:खावह है।

[४०]

खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा,

पगामदुक्खा अणिगामसोक्खा।

संसारमोक्खस्स विपक्खभूया,

खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥ २ ॥

(उत्तरा० अ० १४ गा० १३)

काम-भोग क्षण मात्र सुख देनेवाले हैं और चिरकाल तक दुःख देनेवाले। उनमें सुख बहुत थोड़ा है, अत्यधिक दुःख ही-दुःख है, मोक्ष-सुख के वे भयङ्कर शत्रु हैं, अनर्थों की खान हैं।

[४१]

जहा किंपागफलाण, परिणामो न सुन्दरो।
एवं भुत्ताण भोगाणं, परिणामो न सुन्दरो॥ ३॥

(उत्तरा० अ० १९ गा० १७)

जैसे किम्पाक फलों का परिणाम अच्छा नहीं होता, उसी प्रकार भोगे हुए भोगों का परिणाम भी अच्छा नहीं होता।

[४२]

जहा य किंपागफला मणोरमा,
रसेण वण्णेण य भुंजमाणा।
ते खुड्डए जिविए पच्चमाणा,
एसोवमा कामगुणा विवागे॥ ३॥

(उत्तरा० अ० ३२ गा० २०)

जैसे किम्पाक फल रूप-रंग और रस की दृष्टि से शुरू में खाते समय तो बड़े अच्छे मालूम होते हैं, पर खा लेने के बाद जीवन के नाशक हैं, वैसे ही कामभोग भी प्रारंभ में बड़े मनोहर लगते हैं, पर विपाक-काल में सर्वनाश कर देते हैं।

पूज्य

[४३]

अन्नायउंछं चरइ विसुद्धं,
जवणट्ठया समुयाणं च निच्चं ।
अलद्धुयं नो परिदेवएज्जा,
लद्धुं न विकत्थई स पुज्जो ॥ १ ॥

(दश० अ० ९ उ० ३ गा० ४)

जो केवल संयम-यात्रा के निर्वाह के लिए अपरिचितभाव से दोष-रहित भिक्षावृत्ति करता है, जो आहार आदि न मिलने पर भी खिन्न नहीं होता और मिल जाने पर प्रसन्न नहीं होता, वही पूज्य है।

[४४]

संथारसेज्जासणभत्तपाणे,
अप्पिच्छया अइलाभे वि सन्ते ।
जो एवमप्पाणऽभितोसएज्जा
संतोसपाहन्नरए स पुज्जो ॥ २ ॥

(दश० अ० ९ उ० ३ गा० ५)

जो संस्तारक, शय्या, आसन और भोजन-पान आदि का अधिक लाभ होने पर भी अपनी आवश्यकता के अनुसार थोड़ा ग्रहण करता है, सन्तोष की प्रधानता में रत होकर अपने-आपको सदा सन्तुष्ट बनाये रखता है, वही पूज्य है।

[४५]

सक्का सहेउं आसाइ कंटया,
अओमया उच्छहया नरेण ।
अणासए जो उ सहेज्ज कंटए,
वईमए कण्णसरे स पुज्जो ॥ ३ ॥
(दश० अ० ९ उ० ३ गा० ६)

संसार में लोभी मनुष्य किसी विशेष आशा की पूर्ति के लिए लौह-कण्टक भी सहन कर लेते हैं; परन्तु जो बिना किसी आशा-तृष्णा के कानों में तीर के समान चुभने वाले दुर्वचन रूपी कण्टकों को सहन करता है, वह पूज्य है ।

[४६]

समावयन्ता वयणाभिघाया,
कण्णं गया दुम्मणियं जणन्ति ।
धम्मो त्ति किच्चा परमग्गसूरे,
जिइन्दिए जो सहइ स पुज्जो ॥ ४ ॥
(दश० अ० ९ उ० ३ गा० ८)

विरोधियों की ओर से पड़नेवाली दुर्वचन की चोटें कानों में पहुँचकर बड़ी मर्मान्तक पीड़ा पैदा करती हैं, परन्तु जो क्षमाशूर जितेन्द्रिय पुरुष उन चोटों को अपना धर्म जान कर समभाव से सहन कर लेता है, वही पूज्य है ।

मोक्ष मार्ग

[४७]

कहं चरे ? कहं चिट्ठे ? कहमासे ? कहं सए ?
कहं भुंजन्तो भासन्तो पावं कम्मं न बन्धइ ? ॥ १ ॥

(दश० अ० ४ गा० ७)

भगवन् ! कैसे चले ? कैसे खड़ा हो ? कैसे बैठे ? कैसे सोये ? कैसे भोजन करे ? कैसे बोले ?—जिससे कि पाप-कर्म का बन्ध न हो।

[४८]

जयं चरे जयं चिट्ठे जयं मासे जयं सए।
जयं भुंजन्तो भासन्तो पावं कम्मं न बन्धइ ॥ २ ॥

(दश० अ० ४ गा० ८)

आयुष्मन ! विवेक से चले, विवेक से खड़ा हो, विवेक से बैठे, विवेक से सोये, विवेक से भोजन करे और विवेक से ही बोले, तो पाप-कर्म नहीं बान्ध सकता।

[४९]

सव्वभूयप्पभूयस्स सम्मं भूयाइं पासओ।
पिहियासवस्स दन्तस्स पावं कम्मं न बन्धइ ॥ ३ ॥

(दश० अ० ४ गा० ९)

जो सब जीवों को अपने समान समझता है, अपने पराये सब को समान दृष्टि से देखता है, जिसने सब आस्रवों का निरोध कर लिया है, जो चंचल इन्द्रियों का दमन कर चुका है, उसके पाप-कर्म का बन्धन नहीं होता।

क्षमापन

[५०]

खामेमि सव्वजीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे।
मित्ती मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झ न केणई ॥ १ ॥

(पच प्रति० वंदित्तु सू० गा० ४९)

किसी ने मेरा कोई अपराध किया हो, तो मैं खमाता हूँ अर्थात् क्षमा करता हूं। वैसे ही मैंने भी किसी का कुछ अपराध किया हो, तो वह मुझे क्षमा करे। मेरी सब जीवों के साथ मित्रता है, किसी के साथ शत्रुता नहीं है।

[५१]

जं जं मणेण बद्धं जं जं वायाए भासिअं पावं।
जं जं काएण कयं मिच्छा मि दुक्कडं तस्स ॥ २ ॥

(पचप्रति० सथारा सू० अंतिम गाथा)

मैंने जो जो पाप मन से संकल्पित किये हैं, वाणी से बोले हैं और शरीर से किये हैं, वे मेरे सब पाप मिथ्या हो जायँ।

महावीर प्रार्थना

(लय—जिन धर्म का डंका भारत में बजवा दिया भिक्षु स्वामी नें)

महावीर प्रभू के चरणों में, श्रद्धा के कुसुम चढ़ायें हम।
उनके आदर्शों को अपना, जीवन की ज्योति जगायें हम॥
(ध्रुव पद)

तप संयम मय शुभ साधन से, आराध्यचरण आराधन से।
वन मुक्त विकारों से सहसा, अव आत्म विजय कर पायें हम॥
महावीर प्रभू के चरणों में० ॥ १ ॥

दृढ़ निष्ठा नियम निभाने में, हो प्राण वली प्रण पाने में।
मजवूत मनोवल हो ऐसा, कायरता कभी न लायें हम॥
महावीर प्रभू के चरणों में० ॥ २ ॥

यश-लोलुपता, पद-लोलुपता, न सताये कभी विकार व्यथा।
निष्काम स्व-पर कल्याण, काम, जीवन अर्पण कर पायें हम॥
महावीर प्रभू के चरणो में० ॥ ३ ॥

गुरुदेव शरण में लीन रहें, निर्भीक धर्म की बाट बहें।
अविचल दिल सत्य अहिंसा का, दुनिया को सुपथ दिखायें हम॥
महावीर प्रभू के चरणों में० ॥ ४ ॥

प्राणी-प्राणी सह मैत्रि सर्फे, ईर्ष्या मत्सर अभिमान तर्जे।
कहनी करनी इकसार बना, "तुलसी" तेरा पथ पायें हम॥
महावीर प्रभू के चरणों में० ॥ ५ ॥

परमेष्ठी पञ्चक

(लय—मैं ढूंढ फिरी जग सारा)

परमेष्ठी पञ्चक ध्याऊँ, मैं सुमर सुमर सुख पाऊँ।
निज जीवन सफल बणाऊँ, परमेष्ठि पञ्चक ध्याऊँ॥
(ध्रुव पद)

अरिहन्त सिद्ध अविनाशी, धर्माचारज गुण राशी।
है उपाध्याय अभ्यासी, मुनि-चरण शरण में आऊँ॥ १॥

सहु मुक्ति-महल रा वासी, पधराया व पधरासी।
ज्योति में ज्योति मिलासी, अस्तित्व अलग लग गाऊँ॥ २॥

निस्वारथ पर-उपकारी, जग जीवन रा हितकारी।
हो वार-वार वलिहारी, मैं छिन-छिन ध्यान लगाऊँ॥

ज्यांरी वाणी कल्याणी, सद्धर्म मर्म दरशाणी।
घट-घट समता सरसाणी, सुण हृदय-कमल विकसाऊँ॥४॥

जिन-मत में मंत्र अनादि, है 'नमोक्कार' अविवादी।
सुमरण स्यूं हुवै समाधि, 'तुलसी' नित शीश झुकाऊँ॥ ५॥

अरिहन्त पञ्चक

(लय— आसावरी)

प्रभु म्हांरै मन-मन्दिर में पधारो, करूं स्वागत-गान गुणां रो।
करूं पल-पल पूजन प्यारो, प्रभु म्हांरै मन-मन्दिर में पधारो ॥
(ध्रुव पद)

चिन्मय नें पाषाण बणाऊँ ? नहिं मैं जड पूजारो।
अगर, तगर, चन्दन क्यूँ चरचूँ ? कण-कण सुरभित थांरो ॥ १ ॥

नहिं फल, कुसुम की भेंट चढ़ाऊँ, मैं भाव भेंट करणारो।
आप अमल अविकार प्रभूजी, (तो) स्नान कराऊँ क्यांरो ॥ २ ॥

नहिं तत, ताल, कंसाल बजाऊँ, नहिं टोकर टणकारो।
केवल जस झालर झणणाऊँ, धूप ध्यान धरणारो ॥ ३ ॥

म्लान स्थान चंचलता निरखी, न करो नाथ ! नकारो।
तुम थिरवासे निरमलता पा, होसी थिरचा वारो ॥ ४ ॥

वीतराग, मोह, माया त्यागी, मतनां मोहि विसारो।
अशरण-शरण, पतित-पावन प्रभु, 'तुलसी' अब तो तारो ॥ ५ ॥

सिद्ध पञ्चक

(लय—आये आये जी बदरवा करि०)

देवो देवोजी डगर जो सिद्धि-नगर पहुँचावै ।
भवि पलक-पलक थांरो अपलक ध्यान लगावै ॥
(ध्रुव पद)

किण मारग स्यूं श्री जिनवरजी, शिवपुर धाम सिधावै ?
सर्वदर्शी, सर्वज्ञ, स्वभावे, आतम-सुख अपणावै ॥ १ ॥

अक्षय अरुज अनन्त अचल अज, अव्याबाध कहावै ।
अजरामर-पद अनुपम सम्पद, आवागमन मिटावै ॥ २ ॥

निकट अलोक प्रदेश अनन्ता, क्यूं हतभाग रहावै ? ।
पैंतालीस लाख योजन में, क्यूं कर सकल समावै ॥ ३ ॥

साक्षात्कार हुवै यदि साहिब, दया-दृष्टि दिखलावै ।
वीर पुत्र जो 'भील-पुत्र' ज्यूं, नहिं घबराट मचावै ॥ ४ ॥

ज्योतिर्मय सच्चिदानन्द पद, प्रणम्यां पाप पलावै ।
तन्मय तन मन हुलसी 'तुलसी' सिद्ध स्तवन सुणावै ॥ ५ ॥

आचार्य पञ्चक

(लय—पानी में मीन पीयासी)

धर्माचारज अब तारो, प्रभु लीन्हों शरण तुम्हारो । ध० ।
कुछ करुणा-दृष्टि निहारो, धर्माचारज अब तारो ॥
(ध्रुव पद)

भव-सागर है अथग अमित जल, नहिं कहिं निजर किनारो ।
काल अनन्तो बीत्यो भमतां, भगवन् अबै उबारो ॥ १ ॥

सास्रव आतम नाव पुराणी, पल-पल जल पैसारो ।
डगमग-डगमग डोल रही है, नहिं कोई खेवण हारो ॥ २ ॥

डगर-डगर में मगर भयङ्कर, पग-पग पर डर बाँ रो ।
तरुण तूफान उठै हड़बड़कै, धड़कै दिल दुनियाँ रो ॥ ३ ॥

भटक रह्यो मन-भंवर भंवर में, मांझी बण मतवारो ।
आप बिना इण विषम समय में, गुरुवर ! कवण सहारो ॥ ४ ॥

प्रतिनिधि आप प्रथम पद रा हो, सबल शक्ति संचारो ।
करुण पुकार सुणो भगतां री, 'तुलसी' पार उतारो ॥ ५ ॥

उपाध्याय पञ्चक

(लय—नाथ कैसे कर्म को फन्द छुड़ायो)

भविक उपाध्यायजी नें नित ध्याओ ।
निज जीवन ध्येय वणाओ ॥

(ध्रुव पद)

परमेष्ठी पंचक में ज्यांरो, चौथो पद है चावो ।
'णामो उवज्झायाणं' सुजनाँ, सुमर-सुमर सुख पावो ॥ १ ॥

सूत्र, अर्थ, तदुभय आगम रो, गहन ज्ञान यदि चाहवो ।
तो तुम उपाध्यायजी रै चरणाँ, वलि-वलि भक्ति वढ़ावो ॥ २ ॥

पंच महाव्रत पंचाचार निपुण गुण-गरिमा गावो ।
आचारज री भुजा दाहिणी, सुधिजन शीश झुकावो ॥ ३ ॥

शान्त दान्त, उपशान्त, गुणागर, शासणदेव दृढ़ावो ।
अमृत-वागर, ज्ञान-उजागर, कर-कर विनय रिझावो ॥ ४ ॥

परम प्रभात समय हो सम्मुख, मंगल-गान सुणावो ।
'तुलसी' विमल भावनाँ स्यूं भज, करमाँ री कोड़ खपावो ॥ ५ ॥

साधु पञ्चक

(लय—असल दुपट्टो फूल रे गुलाबी०)

दोन्यूं हाथ जोड़ कर करो, साधुजी रै चरणाँ में परणाम ।
चरणाँ में परणाम रे सुजन जन, करताँ पाप पलावै ।
पावै अजरामर शिव-धाम ॥ दो० ॥
(ध्रुव पद)

आत्म-साधना करै रे निरन्तर, वै साधु कहिवावै ।
भावै विमल भाव अविराम ॥ १ ॥

पंच महाव्रत करण जोग जुत, आजीवन सुध पालै ।
भालै शिव-मग आठूं याम ॥ २ ॥

निज जीवन-धन गुरु-अनुशासन, शीश चढ़ाता विचरै ।
करणी करै सदा निष्काम ॥ ३ ॥

पर उपकार परायण पल-पल, भल उपदेश सुणावै ।
ध्यावै भविजन ज्यांरो नाम ॥ ४ ॥

अप्रतिबन्धविहारी भारी, निज, पर आतम तारै ।
सारै 'तुलसी' वंछित काम ॥ ५ ॥

श्री आदिनाथ स्तोत्र

(लय—जय जय जगमग विद्या ज्योति जरे)

जय मंगल मय मंगल प्रति पल हो ।
जय आदीश्वर हम में अतुल आत्म-बल हो ।
जय मंगल मय मंगल प्रति पल हो ॥

मानव को व्यवहारिकता की, पहली देन तुम्हारी ।
मानवता के अटल पुजारी, वार वार वलिहारी ।
है मानव चिर आभारी ।
जय जग जीवन, स्मृतियाँ अविचल हो ॥ जय० ॥ १ ॥

नई मोड़ युग को दी तुमने, नई शृङ्खला जोड़ी ।
मानव मानव के मानस में ज्ञान रश्मियाँ छोड़ी ।
वह नई चेतना दोड़ी ।
जय ज्योतिधर ज्योतित भूतल हो ॥ जय० ॥ २ ॥

राजनीति के नव निर्माता, नव समाज के स्रष्टा ।
नव जीवन चर्या निर्देशक, नव तत्वों के द्रष्टा ।
आध्यात्मिक पथ आक्रष्टा ।
जय हृदयेश्वर हृदय सुशृङ्खल हो ॥ जय० ॥ ३ ॥

धर्म नीति के प्रथम प्रवर्तक, प्रथमार्हत मत नेता ।
धार्मिक प्रथम प्रथम भिक्षाचर, प्रथम सत्य निर्णेता ।
शासन के प्रथम प्रणेता ।
जय तपोधन, "तुलसी" मंगल हो ॥ जय० ॥ ४ ॥

परम पुरुष

